हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

8 बिजली निगम कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल



8 प्राथमिक शिक्षा बच्चे के भविष्य की मजबूत नींव




## खबर संक्षेप

### विधायक अत्री आज सुनेंगे जन समस्याएं

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 11 मार्च को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पहुंचेंगे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि सुबह 9 बजे विधायक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं, आमजन से रूबरू होने के साथ-साथ उनकी समस्याओं को सुन समाधान करने का काम करेंगे।

### कार की टक्कर से आटो पलटा, बुजुर्ग की मौत

**कैथल।** शहर के करनाल रोड पर कार की टक्कर से ऑटो पलटने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में ऑटो चालक भी घायल हो गया। मामले में मृतक के बेटे की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव काकौत निवासी हरीश कुमार ने बताया कि उसकी पंथ नगर कैथल में मेडिकल की दुकान है। 5 मार्च को उसके पिता ओमप्रकाश उर्फ ओमा उसके साथ बाइक पर सवार होकर सिविल अस्पताल में दवाई लेने के लिए आए थे। दवाई लेने के बाद उसने अपने पिता को गांव के देसराज के ऑटो में करनाल रोड से गांव जाने के लिए बैठा दिया। जब ऑटो डिफेंस कॉलोनी गली नंबर-9 के पास पहुंचा तो गली से एक कार तेज गति से करनाल रोड पर आई और ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सवारियों सहित पलट गया।

### नौकरी का झांसा दे लाखों हड़पने का आरोपित पकड़ा

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने मर्चेंट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह लाख 75 हजार रुपये हड़पने के आरोपित को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर कर रही है।

गांव पडाना निवासी अजय ने गत 16 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव कोहला निवासी नीरज ने उसे बताया कि उसकी मर्चेंट नेवी में अच्छी जान-पहचान है। वह उसे नौकरी लगवा देगा। जिसके लिए उसने सात लाख 75 हजार रुपये की डिमांड की। नौ जून 2024 से 26 अगस्त 2024 तक आरोपित को छह लाख 75 हजार रुपये दे दिए गए।

### बंद मकान से लाखों के जेवरात चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव खरकड़ा में चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपए के सोने के गहने चोरी कर लिए। घटना के समय मकान मालिक अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर कमरे में रखी अलमारी का लॉकर टूटा हुआ मिला। मामले में सीवन थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में गांव खरकड़ा निवासी तक्खा सिंह ने बताया कि वह किसान है। 2 दिन पहले वह अपने परिवार के साथ किसी जरूरी काम से बाहर गया हुआ था। इस दौरान मकान पर ताला लगा हुआ था। जब वे वापस घर लौटे और कमरे में जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर अंदर से खुला हुआ था।

### फर्जी दस्तावेजों पर इंतकाल करवाने की कोशिश, केस

**जींद।** फर्जी दस्तावेज बना तथा फर्जी गवाह खड़ा कर जमीन का इंतकाल नाम करने कर कोशिश पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहाली निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जींद में जमीन है। जींद निवासी फकीर चंद, करणवीर सिबिया, सुमित जैन डीलर ने उसकी जमीन के फर्जी दस्तवेज तैयार कर इंतकाल अपने नाम करवाने की कोशिश की।

## सफीदों अवैध रंग गुलाल फैक्टरी आग का मामला: आठ झुलसे मजदूर विभिन्न अस्पतालो में उपचाराधीन

# झुलसी दो और महिलाओं ने तोड़ा दम मरने वालों का आंकड़ा नौ तक पहुंचा

**फैक्टरी मालिक पहले से चल रहा दो दिन के रिमांड पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों रंग गुलाल फैक्टरी में आग लगने से झुलसी दो और महिला मजदूरों की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसमें एक महिला पानीपत के निजी अस्पताल तथा दूसरी पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन थी। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों आंकड़ा नौ तक पहुंच गया है। उपचाराधीन कुछ अन्य महिला मजदूरों की हालात भी गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा तथा एसपी कुलदीप सिंह ने पीजीआई रोहतक पहुंच कर झुलसे लोगो का हालचाल जाना। सफीदों के गीता कालोनी में अवैध रूप से चल रही रंग गुलाल की फैक्टरी में गत सात मार्च को लगी आग में झुलसी गीता कालोनी निवासी 54 वर्षीय कमलेश की पीजीआई रोहतक तथा गांव सिंघपुरा निवासी राजबाला की पानीपत के निजी अस्पताल में सोमवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों आंकड़ा नौ पर जा पहुंचा है। मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा तथा एसपी कुलदीप सिंह ने पीजीआई रोहतक पहुंच कर झुलसे लोगों का हालचाल जाना। सफीदों निवासी महिला मजदूर पूजा, पिंकी, गुड्डी, ऊषा की आग में झुलसने से मौके पर मौत हो गई थी। जबकि महिला मजदूर सरिता तथा धनपति की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई थी। सोमवार देर रात गांव सिंघपुरा निवासी राजबाला तथा गीता कालोनी निवासी कमलेश की भी मौत हो गई। आगजनी की घटना के दौरान फैक्टरी में 22 मजदूर थे। जिसमें 17 महिला तथा पांच पुरूष थे। चार महिला मजदूर छत से कूद कर बच निकली थी। जिसमें 13 महिलाएं तथा पांच पुरूष झुलस गए थे। झुलसी महिलाओं में से अब नौ महिलाओ की मौत हो चुकी है। उपचाराधीन दो और महिलाओं की हालात गंभीर बताई जा रही है।

### डीसी और एसपी ने पीजीआई रोहतक पहुंचकर जाना मजदूरों का हालचाल




**जींद।** पीजीआई में घायलों का हालचाल जानते डीसी व एसपी। फोटो :हरिभूमि

**हरसंभव सहायता का आश्वासन**

मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान तथा एसपी कुलदीप सिंह पीजीआई रोहतक पहुंचे और फैक्टरी आगजनी में झुलसे उपचाराधीन मजदूरों का हालचाल जाना। दोनों अधिकारियों ने झुलसे लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। दोनों अधिकारियों ने घटना पर गहरी संवेदना प्रकट की।

**दूसरा आरोपित दबोचा**

सदर थाना सफीदों प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि बीती रात दो और महिलाओं की मौत गई। अब तक नौ महिलाओं की मौत हो चुकी है। वहीं इस मामले मे आरोपित रामकरण को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। मुख्य आरोपित दो दिन के रिमांड पर पहले चल रहा है।

## अवैध रूप से चल रही पांच फैक्ट्रियों को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों उपमंडल में अवैध रूप से संचालित हो रही फैक्ट्रियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई लगातार जारी है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के निर्देश पर गठित प्रशासनिक टीम द्वारा विभिन्न शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान प्रशासन की बिना अनुमति के चल रही कई फैक्ट्रियों को सील किया गया तथा बंद मिलने वाली कारखानों फैक्ट्रियों पर नोटिस भी चस्पा किए गए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि उपमंडल क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित औद्योगिक इकाइयों की लगातार जांच की जा रही है। गत दिनों आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम का गठन किया है। यह टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर फैक्ट्रियों की जांच कर रही है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान जिन फैक्ट्रियों के पास आवश्यक अनुमति, लाइसेंस या सुरक्षा मानकों से संबंधित दस्तावेज नहीं पाए गए। उन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ऐसी दो फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया। इससे पहले तीन अवैध फैक्ट्रियों को पहले ही सील कर दिया था। अब तक कुल पांच फैक्ट्रियों को सील किया जा चुका है।

## नरवाना की बेटी कशिश बनी सेना में लेफ्टिनेंट



**नरवाना।** नरवाना की बेटी लेफ्टिनेंट कशिश अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर राष्ट्र की सेवा करेंगी। आर्य उपनगर निवासी वासुदेव के यहां जन्मी कशिश जिसने अपनी पढ़ाई नरवाना से शुरू कर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एनआईटी से बीटेक कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया और गया से प्रशिक्षण लेकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। परिवार व क्षेत्रवासियों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कैथल : दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**» जेसीबी के साथ सड़कें और चारदीवारी तोड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्योड़क और कठवाड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं डीटीपी प्रवीन स्वयं मौजूद रहे। डीटीपी प्रवीन ने बताया कि अर्बन एरिया क्योड़क के अंतर्गत आने वाली राजस्व संपदा क्योड़क और कठवाड़ में करीब 6.5 एकड़ भूमि पर बिना किसी विभागीय अनुमति के अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। जिला नगर योजनाकार विभाग ने इन कॉलोनियों पर कार्रवाई करते जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बनाई गई कच्ची-पक्की सड़कों और चारदीवारी को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त कर दिया। दौरान एनफोर्समेंट शाखा के एसएचओ और अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। डीटीपी ने बताया कि इससे पहले विभाग द्वारा एचडीआर एक्ट 1975 की विभिन्न धाराओं के तहत नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा। आदेशों की अवहेलना और विभाग से अनुमति न लेने के कारण जिला उपायुक्त से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद यह ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई।



**कैथल।** अवैध कब्जे को हटवाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

**वैधता की जांच करें**

जिला नगर योजनाकार ने आम लोगों से अपील करते कहा कि वे सस्ते प्लॉट के लालच में आकर अवैध कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई बर्बाद न करें। किसी भी जमीन या प्लॉट की खरीद से पहले संबंधित विभाग से उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें। डीटीपी ने प्रॉपर्टी डीलरों और भू-मालिकों को सलाह दी।

## अगर पानी का बिल नहीं भरा तो कटेगा कनेक्शन : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बकाया बिलों की वसूली तेजी लाई जाए। जिले में जल उपभोक्ताओं पर जितना राजस्व बकाया है, उसे जल्द रिकवर किया जाए। समय पर बिल जमा न कराने वालों के पानी के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। जल आपूर्ति सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए राजस्व संग्रह आवश्यक है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को ऑनलाइन माध्यम से बिल जमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कैथल और गुहला स्थित प्रयोगशालाओं में पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला जल एवं सीवरेज मिशन की चौथी बैठक में बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहें थें। कहा कि उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में अगर मीटर लगा है तो 60 रुपये और जिन घरों में मीटर नहीं है उनसे 120 रुपये फ्लैट रेट प्रतिमाह लिया जाता है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य और ओबीसी वर्ग से 40 रुपये प्रतिमाह और अनुसूचित जाति से बीस रुपये प्रतिमाह पानी का बिल लिया जाता है। कहा कि पंचायतों के जल प्रबंधन कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों के खाते खुलवाए जाए।

## ट्रेड डील समझौते को रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

किसान भवन पूंडरी में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश बंदराना ने की। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार अजीत हाबड़ी, राजीव आर्य ढांड, बीकेयू के युवा प्रदेश नेता तथा कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राजीव आर्य ने कहा कि भारत सरकार अमेरिका के साथ किए जा रहे ट्रेड डील समझौते को तुरंत प्रभाव से वापस ले, क्योंकि इससे देश के किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही हरियाणा सरकार से मांग की गई कि किसानों द्वारा खेतों के लिए दिए गए बिजली कनेक्शनों की समय सीमा समाप्त करने के बजाय किसानों को तुरंत कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाएं ताकि खेती संबंधी कार्य प्रभावित न हों। बैठक में यह भी कहा गया कि राजस्थान सरकार द्वारा किसानों को 150 रुपये बोनस दिए जाने के बाद हरियाणा सरकार को भी तुरंत प्रभाव से किसानों को कम से कम 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए। इसके अलावा मांग रखी गई कि हरियाणा की सभी मंडियों में सरसों की खरीद सुचारू रूप से जारी रखी जाए।



**पूंडरी।** मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो :हरिभूमि

## ओएचई तार की चपेट में आने से कर्मचारी झुलसा

**» पोल पर चढ़कर मरम्मत का काम कर रहा था गोविंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर किनाना स्टेशन के पास एक कर्मचारी ओएचई तार की चपेट में आ गया। इससे वह झुलस गया। कर्मचारी उसे तुरंत शहर के निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे हिसार भेज दिया। क्षेत्र के अकालगढ़ निवासी गोविंद काफी समय से रेलवे में ठेकेदारी तौर पर लगा हुआ था। सोमवार को किनाना रेलवे स्टेशन के पास ओएचई तार के मरम्मत का कार्य चल रहा था। गोविंद भी बिजली के पोल पर चढ़कर मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान वह तार की चपेट में आ गया। जिससे वह झटके से नीचे आ गिरा। कर्मचारी तुरंत उसे शहर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। फिलहाल जीआरपी ने घायल के बयान नहीं लिए हैं। क्योंकि वह अभी बयान देने के हालात में नहीं है। पुलिस के बयान लेने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## टटीरी गाने की दो शिकायतों पर लिया तुरंत संज्ञान : रेणु भाटिया

# समाज के पतन का कारण बन रहे लिव इन के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि टटीरी गाने को लेकर गायक बादशाह को 13 मार्च को पानीपत बुलाया गया है। मामला संज्ञान में आते ही बादशाह के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया था। लुकआउट नोटिस भी जारी हुआ है। काफी गानों में गलत शब्दों का प्रयोग करके गायकों ने शर्मनाक काम किया है। यह किसी भी सूरत में माफ किए जाने लायक नहीं है। वह तीन साल तक सेंसर बोर्ड की सदस्य रही हैं। यह गाना कैसे पास हो गया, इसके बारे में भी पता किया जाएगा। सेंसर बोर्ड को किसी गाने के शब्द से कोई दिक्कत होती है तो उसमें सुधार का समय दिया जाता है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लीव इन के मामले समाज के पतन का कारण बन रहे हैं। 60 प्रतिशत मामलों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। हर चार महीने में राष्ट्रीय महिला आयोग की बैठक में इस विषय पर कई बार बात हुई है। यह कानून से संबंधित मामला है, जिसमें संशोधन की संभावना है। उन्होंने कहा कि लीव इन कानून किसी अन्य मकसद के लिए बनाया गया था लेकिन आजकल इसका दुरुपयोग बढ़ रहा है। समाज पतन की ओर जा रहा है। आज पांच साल के बच्चे की मांए दस साल के बच्चे की मांए यहां तक कि 14 साल के बच्चे को छोड़कर मां लीव में रहने लगी हैं। इनमें से 60 प्रतिशत मामलों में इस कानून का गलत प्रयोग किया जा रहा है।




**जींद।** जनसुनवाई करते रेणू भाटिया। फोटो :हरिभूमि

**20 मामलों को मौके पर निपटाया**

मंगलवार को जींद में जींद और कैथल जिलों के मामलों की सुनवाई की गई। बताया कि जनसुनवाई में कैथल के 10 और जींद के 18 मामले कुल 28 शिकायतें आयोग के समक्ष आईं। इनमें से अधिकांश मामले दहेज उत्पीडन, व्यक्तिगत उत्पीडन, यौन उत्पीडन और संपत्ति विवाद से जुड़े थे। जनसुनवाई के दौरान आठ मामले ऐसे भी सामने आए जो घरेलू हिंसा के नाम पर लीव इन रिलेशनशिप से जुड़े थे। सुनवाई में 28 में से 20 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि तीन मामलों को नई तारीख दी गई है।



**जींद।** रोहतक रोड बाईपास, जहां पर लाल बत्ती लगवाने की मांग की गई है।

### रोहतक रोड बाईपास पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग

**जींद।** फर्नीचर एसोसिएशन रोहतक रोड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था और बढ़ती ट्रैफिक समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता फर्नीचर एसोसिएशन के संरक्षक डा. राजकुमार गोयल तथा प्रधान जितेंद्र गोयल ने की। बैठक में पूर्व प्रधान राकेश सिंघल, पूर्व प्रधान संजय गर्ग, मनीष सिंघल, सुंदरी गर्ग, कार्तिक गर्ग, प्रवीण गोयल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक राजकुमार गोयल ने रोहतक रोड बाईपास पर लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या पर गहरी चिंता जताई। गोयल ने कहा कि यह मार्ग जींद शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां दिनभर भारी वाहनों, रोडवेज बसों, ऑटो और दोपहिया व चारपहिया वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने के कारण यहां अक्सर लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### उचाना इनेलो की मीटिंग 15 मार्च को

**उचाना।** 15 मार्च को ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में इनेलो की हलकास्तरीय मीटिंग होगी। हलकाध्यक्ष समरजीत उर्फ बिल्लू पेगां ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा मीटिंग में पहुंचेंगे। 23 मार्च को नरवाना में होने वाले प्रदेशस्तरीय युवा सम्मेलन को लेकर जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की लगाई जाएगी।

### कनाडा भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दंपति को कनाडा भेजने के नाम पर लाखों रुपए ठगी करने के एक मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव बराह खुर्द निवासी विजेंद्र को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया डेरा दाबन सीवन निवासी गुरशरण कौर की शिकायत की शिकायत अनुसार करीब दो वर्ष पहले सीवन निवासी विजेन्द्र ने उसे बताया कि वह एक एजेंट को जानता है जो उसका और उसके पति का कनाडा का वीजा लगवा सकता है। इसके बाद बिजेन्द्र ने उनसे सभी दस्तावेज लेकर पानीपत निवासी एजेंट रवि राणा से संपर्क करवाया और कहा कि वीजा लगने के बाद करीब 20 लाख रुपये खर्च आएगा।

### फर्जी आईडी बनाकर मैसेज करने वालों से रहें सावधान

**कैथल।** सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने जहां लोगों को आपस में जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है, वहीं साइबर अपराधियों ने भी इसे ठगी का आसान माध्यम बना लिया है। पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप या अन्य सोशल प्लेटफॉर्म पर असली प्रोफाइल जैसा दिखने वाला फर्जी अकाउंट बनाकर साइबर ठग लोगों को धोखे में ले रहे हैं। ठग पहले किसी परिचित, रिश्तेदार, मित्र, अधिकारी या संस्था की डीपी और नाम का उपयोग करके अकाउंट तैयार करते हैं। इसके बाद वे उसी नाम से मैसेज भेजकर भरोसा जीतते हैं और फिर विभिन्न बहानों का सहारा लेकर आर्थिक मदद या निजी जानकारी मांगते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**नरवाना।** सीजेएम मोनिका के मार्गदर्शन में स्थानीय न्यायिक परिसर में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं उपमंडल स्तरीय विधिक सेवाएं समिति के चेयरमैन संदीप कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटान किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में पीड़ित पक्ष से सुनवाई के लिए किसी भी प्रकार की फीस नही ली जाएगी।

### पीड़ितों को जल्द दी जाए आर्थिक सहायता

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति व जनजाति के व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार के अत्याचार या दुव्र्यवहार की स्थिति में पीड़ित को नियमानुसार जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**जींद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार फसल विविधीकरण कार्यक्रम वर्ष 2026 के तहत हरी खाद (ढेंचा), दलहन ग्रीष्मकालीन मूंग, उड़द, लोबिया, मोठ, अरहर और सोयाबीन तथा ग्वार की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला में 35 हजार एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी किसानों को एक हजार रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में (डीबीटी) के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## बिजली बिल 2025 को लेकर जताया विरोध

# बिजली निगम कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली निगम कर्मियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल की और बिजली बिल 2025 का विरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब यूनिट नंबर 2 के उपप्रधान रामनिवास सैनी और संचालन सचिव सोनू डांगी ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से सर्किल सचिव धर्मभीर भम्भेवा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार लोकसभा सत्र में बिजली संशोधन बिल 2026 पेश करके बिजली को प्राइवेट हाथों में सौंपना चाहती है, उससे बिजली निगम को बहुत बड़ा नुकसान होने की संभावना है। क्योंकि संशोधन बिल में सरकार जो लगातार किसानों को खेतों की बिजली में सब्सिडी दे रही है, उसको बंद करना चाहती है। जिससे किसानों को मिलने वाली सब्सिडी बंद करना चाहती है। स्मार्ट मीटरों के नाम पर बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कहने से मीटरों को स्मार्ट करना चाहती है। जिससे बिजली कंपनी को खरीदना आसान होगा। संशोधन बिल लागू करके उद्योगपतियों के हवाले करके बिजली को गरीब आदमियों की पहुंच से दूर करना चाहती है और सरकार द्वारा लगातार कच्ची नौकरी में भारी बढ़ोत्तरी एचकेआरएन के नाम पर कर रही है। सरकार एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को सर्विस एक्ट के नाम पर 58 साल तक कच्चे रखना चाहती है। एचकेआरएन को भंग करने, पुरानी पेंशन लागू करवाने, जोखिम भत्ता, बिजली विभाग में पक्की नौकरियों की भर्ती करवाना, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करवाने के लिए, बिजली दरों को कम करनेए बिजली कर्मचारियों की फ्री यूनिट बढ़वाने के लिए आदि बहुत मांगो को लेकर 20 मई 2026 को हरियाणा बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेगी। बैठक में यूनिट की और से प्रधान राकेश ईक्कस, यूनिट सचिव संदीप गिल, विक्रम लुदाना, राजीव जुलानी, अमित शर्मा, अनिल, नरवीर, हरीश, सुनील आदि अनेक बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।


जींद। भूख हड़ताल पर बैठे बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सरकार कर्मचारी विरोधी विपक्ष भी गंभीर नही : सिंह

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसो की बैठक रणजीत सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन वेद प्रकाश ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर एसो के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ ने केंद्र-राज्य सरकार की कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारी जीवन का अनमोल काल खंड ईमानदारी से सरकारी सेवा के दौरान जनता को समर्पित करने के बावजूद भी सरकार 65, 70, 75 वर्ष की आयु उपरांत बेसिक पेंशन में 5, 10, 15% की बढ़ोतरी कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटा कर 10 वर्ष करना, केंद्र द्वारा दिए जाने वाले आठवें वेतन आयोग के सभी लाभ पूर्व की भांति रिटायर्ड कर्मचारियों को दी जाए।

# शीतला माता मंदिर में माथा टेक श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में लाइन में लगे श्रद्धालु।

उचाना कलां में प्राचीन शिव मंदिर स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मनोकामना पूर्ण के लिए मन्नत मांगी। अल सुबह ही श्रद्धालु परिवार के साथ मंदिर पहुंचाना शुरू हो गए थे। भीड़ अधिक होने के चलते श्रद्धालुओं को परेशानी पूजा-अर्चना में न हो इसको लेकर मंदिर में दो लाइने बनाई गई। मंदिर में देर सुबह तक श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा-अर्चना की। होली के पर्व के 7वें दिन श्रद्धालु शीतला माता की पूजा-अर्चना करते है। रात को घरों में मीठे चावल बना कर सुबह उससे मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर के गेट के पास खेल-खिलौनों के स्टॉल भी लगे थे। मंदिर पुजारी राजू शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी पूजा में न हो इसको लेकर व्यवस्था बनाई गई थी। अल सुबह तीन बजे ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आने शुरू हो गए थे।



नरवाना। भ्रमण पर आए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को स्कूल का भ्रमण करवाया

**नरवाना।** केएम रा. कालेज नरवाना में केंद्रीय हिंदी निदेशालय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली व हिंदी शोधार्थी संघ भारत के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय अहिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए नव लेखन शिविर के दूसरे दिन हरियाणा की स्कूली शिक्षा व संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए केरल से आए बच्चों को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा का भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सज्जन कुमार ने की। केरल से आए हुए विद्यार्थियों व स्टाफ का स्कूल पहुंचने पर प्राचार्य बलजीत गोयत व समस्त स्टाफ सदस्यों ने हरियाणवी संस्कृति में स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सुलेख प्रशिक्षक सुरेश चौहान राष्ट्रपति अवार्डी ने विद्यार्थियों को वर्णमाला की रचनाओं से अवगत करवाया।

### जन आक्रोश जत्था करेगा आज जुलाना क्षेत्र में प्रवेश

**जींद।** कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा 24 मार्च को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल जन आक्रोश रैली की तैयारियां अब अपने चरम पर हैं। केंद्र की मोदी सरकार की साम्राज्यवादी ताकतों के आगे घुटने टेकने वाली नीतियों और घरेलू कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाले फैसलों के खिलाफ जनता को गोलबंद करने के लिए निकाला गया। जन आक्रोश जत्था 11 मार्च को जुलाना क्षेत्र में प्रवेश करेगा। जत्थे का प्रथम पड़ाव लजवाना कलां गांव होगा। जहां कार्यकर्ताओं और मेहनतकश आवाम द्वारा इंकलाबी नारों के साथ जत्थे का भव्य स्वागत किया जाएगा। पार्टी के कार्यक्रम के अनुसारए लजवाना कलां में आयोजित जनसभा के माध्यम से पार्टी नेतृत्व केंद्र सरकार की उन नीतियों का पर्दाफाश करेगा जो सीधे तौर पर देश की संप्रभुता और किसानों के भविष्य पर हमला हैं।

# छात्राओं को किया सकारात्मक बदलाव के प्रति प्रेरित

■ हिंदू कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कालेज की महिला प्रकोष्ठ तथा इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गिव टू गेन विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति ही समाज की वास्तविक प्रगति है और शिक्षा के माध्यम से महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रही हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शिरकत की। जिन्होंने एक कैंपेन स्टार्ट किया है नारी लीड्स सैनिटेशन। इसका उद्देश्य स्वच्छतम पोर्टल और वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बताना रहा। उन्होंने छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा की भारत में जनसंख्या तेजी से बढ़ती जा रही है और जहां आज के समय में महिलाएं भी रोजगार के अवसर की तलाश में है। स्वरोजगार के अवसर की तलाश करना एक मात्र विकल्प है। कार्यक्रम में नगर परिषद के सिटी टीम लीडर दीक्षांत शर्मा, आईईसी एक्सपर्ट संजीव चहल, सैनिटरी इंस्पेक्टर नीलम रानी और आईईसी टीम सदस्य मौजूद रहे।

### बनखंड महादेव से शुरू होगी ध्वजा यात्रा

**जींद।** जय मां बनभौरी सेवा समिति की बैठक बैंक रोड पर प्रधान सुनील गोयल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में 21 मार्च की बनभौरी धाम तक की निकाली जाने वाली पैदल ध्वजा यात्रा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया । बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संस्था के पदाधिकारी सोनू जैन, शिव कुमार, सुनील गर्ग, जितेन्द्र गर्ग, अश्विनी सिंगला, अनिल अग्रवाल, मुकेश गोयल, प्रतीक गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, दीपक गर्ग इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। समिति के प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि 21 मार्च को बनखंड महादेव मंदिर से बनभौरी धाम तक की एक दिवसीय पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।


बैठक में उपस्थित प्रमुख समाजसेवी राजकुमार व संस्था के पदाधिकारी।


उचाना। एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

### जीवन में समय की कद्र करें : कादियान

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में एनएसएस योजना शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योगा एवं मेडिटेशन से की गई। अध्यक्षता उप प्राचार्या नीरू बंसल ने की। एनएसएस पीओ राजबाला के नेतृत्व में आईएसी स्वच्छता मिशन नगर पालिका उचाना मंडी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। सांयकालीन सत्र में संस्था प्रशासक वाइएस कादियान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। कादियान ने स्वयं सेविकाओं के कैरियर के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से सेवा की जा सकती है। समय के प्रति पाबंद जीवन में होना चाहिए। जो समय की कद्र नहीं करते वो जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते है।


उचाना। सरसों की खरीद प्राइवेट बोली पर करते परचेजर। फोटो :हरिभूमि

### उचाना मंडी में सरसों की आवक जारी

**उचाना।** मंडी में सरसों की आवक जारी है। किसानों को सरसों के भाव प्राइवेट खरीद पर एमएसपी से अधिक मिल रहे है। सरसों की सरकारी खरीद 27 मार्च से शुरू है। 6200 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी भाव सरसों का तय किया है। इन दिनों किसानों को कम से कम 6100 रुपए प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 6341 रुपए प्रति क्विंटल के भाव किसानों को मिल रहे है। एमएसपी से अधिक भाव मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार अब तक 133 क्विंटल सरसों की आवक मंडी में आ चुकी है। बीते कुछ दिनों से आवक सरसों की जारी है। मार्केट कमेटी सचिव योगेश ने कहा कि किसानों की सरसों की फसल मंडी में आते ही बिना किसी परेशानी के बिक रही है। 6200 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी है। 27 मार्च से सरकारी खरीद शुरू होनी है।

# पेयजल शुद्धता के लिए जांच जरूरी : मताना

## आधा दर्जन गांवों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जल महोत्सव के तहत जागरूकता रैली निकालते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के द्वारा मनाए जाने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पेयजल जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयेजन ब्लाक स्तर पर किया गया। जिसमें ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य, पंप आपरेटर, पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव डुमरखां कलां की आईटीआई, सिंगवाल, बुढाखेड़ा, साहनपुर, खेड़ीबुल्ला, पडाना, झांज कलां व खुर्द के सरकारी स्कूलों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रम में पेयजल की शुद्धता पर जोर दिया गया ताकि हर व्यक्ति स्वच्छ रह सके। इस मौके पर सभी स्कूल के विद्याार्थियों द्वारा पेयजल जांच का प्रशिक्षण लिया गया और मौके पर ही ओटी किट व अफटी किट से पेयजल की जांच की गई।

# राजकीय महाविद्यालय में शौचालयों का बुरा हाल

» एबीवीपी ने ज्ञापन सौंप व्यवस्थाएं सुधारने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजकीय महाविद्यालय जींद इकाई ने विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में खराब पड़े शौचालयों को जल्द से जल्द ठीक करवाने तथा विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की गई। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि महाविद्यालय में पढऩे वाले सैंकड़ों विद्यार्थियों को रोजाना इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज परिसर के कई शौचालय काफी समय से खराब पड़े हैं, जिनकी साफ.-सफाई भी नियमित रूप से नही हो रही है। इसके कारण विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शौचालयों की स्थिति ठीक न होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जिला संयोजक प्रतीक शर्मा ने बताया कि इसके अलावा विद्यार्थियों ने कॉलेज में स्वच्छ पेयजल की कमी की समस्या भी प्रशासन के सामने रखी।

## निपुण कार्यक्रम के तहत एडीसी ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# प्राथमिक शिक्षा बच्चे के भविष्य की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित एडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को निपुण जींद कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीसी प्रदीप कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की भाषा और गणना की समझ को मजबूत करना था। एडीसी ने कहा कि शिक्षक ही वह मार्गदर्शक होता है, जो बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करता है। यदि शिक्षक पूरी लगन और समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देंगे तो निश्चित रूप से समाज और देश का भविष्य भी मजबूत होगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रितु, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी, जिला समन्वयक एपुएलएन राजेश वशिष्ठ तथा विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के संचालक और शिक्षक मौजूद रहे। बैठक के दौरान एडीसी प्रदीप कुमार ने उन प्राथमिक विद्यालयों के संचालकों और शिक्षकों से विशेष रूप से चर्चा की। जिनका शैक्षणिक परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को भाषा और गणना की बुनियादी समझ मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बच्चों को स्वर और व्यंजनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए ताकि उनकी पढऩे और समझने की क्षमता में सुधार हो सके। कहा कि बच्चों को पढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीके के साथ-साथ प्राकृतिक और सरल शिक्षण पद्धति अपनानी चाहिए। यदि बच्चों को खेल-खेल में और रोचक तरीके से पढ़ाया जाए तो वे पढ़ाई में अधिक रुचि लेते हैं और विषयों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें ताकि बच्चे बिना डर के अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कर सकें और सीखने का माहौल सकारात्मक बने। एडीसी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी भी बच्चे के भविष्य की मजबूत नींव होती है। यदि इस स्तर पर बच्चों को सही मार्गदर्शन और अच्छी शिक्षा मिले तो उनका बौद्धिक और सामाजिक विकास बेहतर तरीके से हो सकता है। विद्यालय संचालकों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करें। इसके लिए अभिभावकों से संपर्क कर सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाए।

# हांसी रैली में होगी युवाओं की अहम भूमिका : सिहाग

» दिग्विजय आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जजपा के युवा प्रदेश सचिव विकास सिहाग ने बताया कि 11 मार्च को जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला पार्टी कार्यालय में जींद, सफीदों तथा जुलाना हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। जिसमें 13 मार्च को हांसी में होने वाली जनचेतना रैली को लेकर दिशा निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि जजपा का ग्राफ लगातार बढता जा रहा है। युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है। बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। सरकारी नौकरी मिलना तो दूर मजदूरी तक नही मिल रही है। युवाओं का शोषण बढ़ता जा रहा है। कोई उद्योग प्रदेश मे नया नही लगा है। सरकारी महकमों में पदों को खत्म किया जा रहा है। युवा वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को हांसी में होने वाली जजपा रैली मे युवाओ की अहम भूमिका होगी।

**खबर संक्षेप**

### ढांड पुलिस का नशा मुक्ति अभियान तेज

**ढांड।** थाना ढांड के एसएचओ सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नशा मुक्ति को लेकर भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। पुलिस द्वारा नियमित गश्त के साथ युवाओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण बन रहा है। एसएचओ सुनील कुमार ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए घातक है और इससे समाज को बचाना सभी की जिम्मेदारी है।

### मंथन कर मुक्ति रूपी अमृत ग्रहण करें: आस्था

**कैथल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा पुराना बस स्टैंड कैथल में सात-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवताचार्या विदुषी आस्था भारती ने भागवत माहात्म्य, राजा परीक्षित की दिग्विजय तथा कलियुग के दमन जैसे प्रसंगों का गहन मर्म समझाया। कथा का मुख्य पात्र परीक्षित है।

### समाज कल्याण कार्यों के लिए दानियों का सहयोग

**पूंडरी।** प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी के निवास स्थान बलकार कॉलोनी में समाज कल्याण कार्यों को लेकर दानी सज्जनों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाजहित के कार्यों जैसे सडक़ों, भवनों के सौंदर्यीकरण, आधुनिकीकरण और नवीनीकरण के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया।

### बार कौंसिल के चुनाव को लेकर मतदान 18 को

**कैथल।** पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के आगामी चुनावों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीसी अपराजिता ने मंगलवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी 18 मार्च को होने वाले इन चुनावों के लिए जिले में कुल 4 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में हुई अभिभावक शिक्षक बैठक

**गुहला चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को खंड गुहला के गांव थेह बुटाना, रामनगर ,नानकपुरा, खरकड़ा आदि गांवों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत मेगा अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस महीने की थीम स्वच्छता और अच्छी आदतें निर्धारित की गई। ये बैठक प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित की जाती है।

### आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं: गुर्जर

**कैथल।** अंबेडकर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एमडीडी ऑफ इंडिया, कैथल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक गुर्जर ने कहा कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है।

---

अनाज मंडी चीका से गुहला तहसील कार्यालय तक किया मार्च

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का ट्रैक्टर मार्च, प्रतियां फूंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का गुस्सा मंगलवार को खुलकर सामने आया। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की चीका इकाई के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर रोष जताया।

ट्रैक्टर मार्च की शुरुआत अनाज मंडी चीका से हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ गुहला तहसील कार्यालय तक पहुंचा। यहां किसानों ने तहसील परिसर में भारत-अमेरिका ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ट्रैक्टर मार्च का नेतृत्व भाकियू (चढ़ूनी) के प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह बनेड़ा, जरनैल सिंह जैली, केवल सिंह सदरेहड़ी और लखविंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान किसानों ने सड़कों पर केंद्र सरकार और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे कृषि क्षेत्र को भारी नुकसान होगा। भाकियू (चढ़ूनी) के प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह बनेड़ा ने कहा कि यह डील केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि देश की इंडस्ट्री और मजदूर वर्ग के लिए भी बड़ा झटका साबित होगी। ट्रैक्टर मार्च और प्रदर्शन में गुरबचन सिंह, गुरपाल गगड़पुर, सुखजिंदर ग्रेवाल, राजेश खन्ना, गुरजंट सिंह टटियाना, पूर्व सरपंच जगदीश, जोरा सिंह, गुलजार सिंह, संदीप संधू, बलकरण सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


गुहला-चीका। निकाले गए ट्रैक्टर मार्च के दौरान किसान अनाज मंडी से तहसील कार्यालय की ओर बढ़ते हुए। फोटो: हरिभूमि

**23 को जन क्रांति रैली निकालेंगे**

उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान-मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और मजदूर भाग लेंगे।


कैथल। बैठक में नारेबाजी कर रोष जताते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## बिजली कर्मचारी यूनियन ने धरना देकर की नारेबाजी

- बिजली एमेंडमेंड बिल के खिलाफ विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट सिटी-1 और सिटी -2 की 10 बजे से 1 बजे तक नेशनल कोआर्डिनेंसेन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाहन पर बिजली एमेंडमेंड बिल के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने देश भर में सब डिवीजन के ऊपर धरना प्रदर्शन किया गया। सब यूनिट कलायत में धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट सिटी-1 प्रधान भारत एस एस ए और भूषण चावला सिटी-2 प्रधान ने संयुक्त रूप से किया व मंच का संचालन सुरेंद्र पहलवान ने किया। धरने को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान अमरदीप बनवाला ने कहा कि बिजली बिल से ना केवल कर्मचारी बल्कि आम जनता और किसान पर दोहरी मार पड़ेगी।किसानों को मिलने वाली सब्सिडी भी इस बिल के बाद खत्म हो जाएगी और आम जनता को भी पूंजीपतियों से महंगी बिजली मिलेगी।

**बिल रद्द करें**

धरने को यूनिट सचिव अजय कौशिक ने कहा कि सेंटर की सरकार ये भी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए ये बिल लेकर आ रही है।अगर ये बिल लोकसभा से पास हो जाता है तो आम जनता पर इसकी सीधी मार पड़ेगी।इसके साथ ही यूनियन के प्रोग्राम में ये भी कहा गया कि अगर आने वाले दिनों में इस बिल को निरस्त नहीं किया गया तो ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन और बड़े आंदोलन करने को मजबूर होगी।आज के धरने में राम कुमार जे ई,राकेश जे ई,राम निवास लाईन मैंन,सतीश लाईन मैंन,वरुण बी डी,राजेश बी डी,प्रेम ड्राईवर,सुशील कैशियर सिटी 2 शेर सिंह फोरमैन,संजय कुमार लाईन मैंन,प्रदीप भाटी सिटी 1 सचिव आदि ने धरने में भाग लिया ओर बिजली एमेंडमेंड बिल के खिलाफ नारेबाजी की गई।

---

## नोच की टीम ने जीती क्रिकेट टूर्नामेंट

- चक्कू लदाना में ब्रांड क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

चक्कू लदाना गांव में आयोजित ब्रांड क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नोच और चीका मंडी की टीमों के बीच खेला गया। फाइनल मैच में चीका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए। नोच की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए नोच टीम के खिलाड़ी नीरज व दिलराज बठोई को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया, जिन्हें रेंजर साइकिल देकर सम्मानित किया गया। गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर आयुष को बेस्ट बॉलर चुना गया, जबकि बल्लेबाजी के लिए जैवीर को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मिला।


गुहला चीका। खिलाडियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर गांव के सरपंच रुलदू राम ,लाडी चंडीगढ़िया, लवजिंदर गुराया, गुरबाज सिंह, हरजिंदर नंबरदार, कंवरजीत संधू और किरपाल (यूएसए) सुखी इटली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ ने मैच का आनंद लिया।

## डीसी ने जॉयफुल एक्टिविटी में लिया भाग

- गांव फरल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पहुंची डीसी अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता ने मंगलवार सुबह गांव फरल में स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में पहुंच कर बच्चों के साथ जॉयफुल एक्टिविटी में भाग लिया। बच्चों के साथ खेल-खेल में सीखाने के लिए आयोजित इन गतिविधियों में बच्चों से कई प्रयोग करवाए। डीसी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि वे पढ़ाई में ऐसे रोचक तरीके अपनाएं, जो बच्चों को समझ आएं और बच्चे उस शैक्षणिक गतिविधि में रुचि लेकर भाग लें। जिससे वे जल्दी सीखेंगे और लंबे समय तक उन्हें वह शैक्षणिक गतिविधि याद रहेगी। चौथी एवं पांचवीं में जाकर बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने पानी की बाल्टी में कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं को डालकर डूबने और तैरने की गतिविधि में घनत्व का सिद्धांत समझाया। चित्र बताकर उन पर कुछ लिखने जैसी कई गतिविधियों में भाग लिया।


कैथल। डीसी अपराजिता राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के बच्चों से बातचीत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**झिझक दूर करें**

डीसी अपराजिता ने कहा कि जॉयफुल एक्टिविटी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाने और खेल-खेल में व्यावहारिक ज्ञान देना है। किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा जरूरी प्रैक्टिकल नॉलेज है। जब बच्चे खुद प्रयोग करते हैं, तो विषय की समझ गहरी होती है। उन्होंने अधिकारियों व अध्यापकों जो बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें, ताकि उनके अंदर झिझक दूर हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता मैहर, जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार, आदि मौजूद रहे।

---

## महासम्मेलन में राजौंद से पंडित जयदेव सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

राष्ट्रीय ज्योतिष व वास्तु महासम्मेलन आयोजित

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय ज्योतिष व वास्तु महासम्मेलन में राजौंद के पंडित जयदेव कौशल को सम्मानित किया गया। यह महासम्मेलन विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग तथा पराशर ज्योतिष दर्पण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से ज्योतिष व वास्तु से जुड़े विद्वानों ने भाग लिया। महासम्मेलन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कार और पारंपरिक शिक्षा पद्धति को बढ़ावा देना तथा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान पंडित जयदेव कौशल ने ज योतिष विषय पर अपना शोध पत्र प्रेस्तुत किया।


राजौंद। कार्यक्रम में जयदेव कौशल को सम्मानित करते हुए।

## विशेष बच्चों के लिए उम्मीद की पाठशाला

- बच्चों के लिए बड़ी राहत बना होली पथ स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

समाज में हर बच्चे को शिक्षा और सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। कुछ बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें सुनने, बोलने या मानसिक विकास से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे बच्चे जहां स्कूल आदि न जाकर घर में खामोशी से जीवन बिता रहे थे, वहीं उनके परिजनों को भी हर समय उनका असहाय होना खल रहा था। ऐसे ही लगभग 120 बच्चों के लिए सरकार और समाज के सहयोग से चलाया जा रहा होली पथ विशेष विद्यालय उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आया है। साथ ही इन बच्चों की खामोशी को एक आवाज मिली है। डीसी अपराजिता विशेष रूचि लेकर इन बच्चों को संसाधन उपलब्ध करवा रही हैं। डीसी अपराजिता स्वयं विशेष रुचि लेकर इन बच्चों की हर सुख-सुविधा का ध्यान रख रही हैं।


कैथल। डीसी अपराजिता मूक-बधिर बच्चों से मिलते हुए। फोटो: हरिभूमि

**तीन साल पहले हुई शुरुआत**

सीवन गेट पर नगर परिषद द्वारा पुराने फायर ब्रिगेड कार्यालय के भवन में रेडक्रॉस कैथल की सहायता से तीन साल पहले इस विद्यालय की शुरुआत की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने विशेष रुचि लेकर बच्चों को सुविधाएं मुहैया करवाई हैं। समाजसेवी संस्थाओं ने भी यहां होस्टल बनवाया। समाज सेवी संस्थाएं यहां अपनी रुचि अनुसार योगदान देकर इन बच्चों की मदद कर सकती हैं।

**आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य**

इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य मूक-बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना है। विशेष रूप से प्रशिक्षित 12 अध्यापकों द्वारा यहां बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार पढ़ाया जाता है, ताकि वे अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षित शिक्षक सांकेतिक भाषा, विशेष शिक्षण पद्धतियों और धैर्य के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। इससे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने में काफी मदद मिलती है।

### भारत की संस्कृति और सभ्यता विश्व में अद्वितीय: प्रमोद शर्मा

**पूंडरी।** सर्व ब्राह्मण सभा हलका पूंडरी के प्रधान प्रमोद शर्मा फतेहपुर ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखती है। यहां की परंपराएं, जीवन मूल्य और आध्यात्मिक विचारधारा मानवता को मार्गदर्शन देती रही है। हमारे अनेक ऋषि-मुनियों ने समाज को ज्ञान, संस्कार और कल्याण का मार्ग दिखाया है।

**सूचना**

मैं, अमित पुत्र करण सिंह निवासी मकान नंबर 51/522, धोबी की चौपाल के पास, बुढा खेड़ा, तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा जन्म दिनांक 12.04.1999 को हुआ था और मेरा पूर्व धर्म इस्लाम (मुस्लिम) था। मैंने अपनी स्वतंत्र इच्छा से और बिना किसी दबाव, बल, प्रलोभन या किसी अनुचित प्रभाव के इस्लाम से हिंदू धर्म में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। मैंने दिनांक 15.02.2025 को हिंदू धर्म को उसके सिद्धांतों, मान्यताओं और परपराओं को समझने के बाद स्वीकार किया है। मैंने अपना नाम नहीं बदला है और आगे भी मेरा नाम अमित ही रहेगा।

---

## खानपुर स्कूल को अपग्रेड करवाने के प्रयास: कौर

- बच्चों को पढ़ाई के लिए शहरों में जाना पड़ता है: अमनदीप कौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन


अमनदीप कौर

गांव खानपुर की सरपंच व भाजपा नेत्री अमनदीप कौर ने कहा कि गांव के राजकीय स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक अपग्रेड करवाने के लिए पंचायत की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक कागजी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और जल्द ही प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। अमनदीप ने बताया कि वर्तमान में गांव का स्कूल केवल आठवीं कक्षा तक ही है। इसके बाद विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए सीवन, कैथल तथा अन्य शहरों में जाना पड़ता है। रोजाना लंबी दूरी तय करने के कारण बच्चों का काफी समय आने-जाने में ही व्यतीत हो जाता है। विशेष रूप से छात्राओं को बाहर जाकर पढ़ाई करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गांव में ही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सुविधा उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। पंचायत की बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई है और स्कूल को अपग्रेड करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाया गया शीतला सप्तमी (बासड़े) का पर्व

# श्रद्धालुओं ने माता शीतला के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की

परिवार, नगर व गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

शीतला सप्तमी बासड़े का पावन पर्व मंगलवार को नगर के दुर्गा मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह करीब तीन बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे सुबह का समय बढ़ता गया, वैसे-वैसे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। सुबह से मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बना रहा और श्रद्धालु लगातार माता शीतला के दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। श्रद्धालुओं ने माता शीतला के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने परिवार, नगर व गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र भनोट, राजेश कुमार भाखड़ी, सतपाल मित्तल, सतपाल शर्मा, रिंकू मुंडे, सुमीत कुमार, मनीराम शर्मा, सौरव शर्मा, राहुल छाबड़ा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



राजौंद। शीतला सप्तमी पर मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु व शीतला माता मंदिर।

**स्वयंसेवक भी तैनात रहे**

परंपरा के अनुसार श्रद्धालु अपने घरों से ठंडा प्रसाद और बंसोड़े का भोग लगाकर माता के चरणों में अर्पित करने के लिए पहुंचे। महिलाओं ने विशेष रूप से माता शीतला की पूजा कर परिवार की मंगलकामना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर में साफ-सफाई, दर्शन की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारु रखने के लिए स्वयंसेवक भी तैनात रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शीतला सप्तमी का पर्व क्षेत्र में काफी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

**बोली सूचना**

ग्राम पंचायत देवबन खंड व जिला कैथल के गांवों की नालियों के पुराने (कंडम) जालों की बोली दिनांक 18-03-2026 को दोपहर 11:00 बजे ग्राम सचिवालय देवबन में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकता है। बोली के नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत, देवबन
जिला कैथल, मो0- 9466788027

**बोली सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसला-सिसमोर (कैथल) के कंडम (नकारा) तीन कमरों की बोली 27-03-2026 दिन शुक्रवार को स्कूल प्रांगण में सुबह 09:00 बजे करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकता है। बोली के नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

प्रिंसिपल, रामफल बेनीवाल
मो0- 73558-18673

## खबर संक्षेप

### आरकेएसडी कॉलेज में रोजगार मेला 13 को

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के प्रांगण में 13 मार्च को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय, कैथल के सहयोग से एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न निजी कंपनियों और संस्थानों से सीधे जोड़ना है।

### विधायक देवेंद्र अत्री को बताया विकास पुरुष

**उचाना।** युवा मोर्चा छात्तर मंडल अध्यक्ष सौरभ खरकभूरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना में विकास तेजगति से हो रहा है। उचाना हलके की मांगों को निरंतर विधानसभा में उठाने के साथ उनको पूरा करवाने का काम विधायक कर रहे है। अब से पहले जो विधायक उचाना से बनते थे वो वायदे करते थे लेकिन काम नहीं करते थे। इस बार जो विधायक मिला है वो वायदे कम करता है लेकिन काम अधिक करता है।

### साइबर ठगों ने पुलिसकर्मी से 2.60 लाख ठगे

**कैथल।** गांव पबनावा में एक पुलिसकर्मी से आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर 2.60 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना पुलिस ने पुलिसकर्मी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पबनावा निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह पुलिस विभाग में कार्यरत है। उसका भारतीय स्टेट बैंक में खाता है और उसमें उसका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड है। 21 दिसंबर 2025 को उसके व्हाट्सएप नंबर पर आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल आई थी।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष ने बताया कि जिला जींद के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में बिना लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी के विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, वहां प्लॉट या छोटे भू-खण्डों के रूप में किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त करने से पहले पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। उन्होने बताया कि शहरी क्षेत्र जींद में खसरा नंबर 72//25मिन, 73//21मिन, 22मिन, 81//26, 82//5मिन तथा राजस्व एस्टेट किशनपुरा में खसरा नंबर 18//3, 4मिन, 6, 7, 8 में अनधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही है है।

### जेजेपी की हांसी रैली को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां

**उचाना।** रजबाहा रोड जेजेपी कार्यालय में उचाना, नरवाना के कार्यकर्ताओं की मीटिंग जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने ली। मीटिंग में आगामी 13 मार्च को हांसी में होने वाली डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्म दिन पर हरियाणा जन चेतना रैली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और रैली को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

## सीआरएसयू के बजट के लिए बैठक में विस्तार से किया मंथन

# विश्वविद्यालय के लिए 147.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

*विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर हुई चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के वित्तीय विभाग द्वारा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2026 का बजट 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपये स्वीकृत किया गया। इसी महीने आयोजित होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की मीटिंग में इस बजट को पारित होने के लिए भेजा जाएगा।

इस बैठक में पास होने के बाद गवर्नमेंट के पास पारित होने के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव एवं विचार सांझा किए तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए बजट के प्रभावी और योजनाबद्ध उपयोग पर विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक की वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अध्यक्षता की। बैठक के मेंबर सेक्रेटरी के रूप में डा. राजेश कुमार बंसल, कुलसचिव चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कार्यवाही का संचालन किया। इसके साथ ही हरियाणा सरकार के वित्त विभागए उच्च शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के नामित अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय की वित्तीय आवश्यकताओं, शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय में अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सदस्यों ने इस बात पर भी बल दिया कि बजट का उपयोग योजनाबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाएए ताकि विश्वविद्यालय के शैक्षणिकए शोध एवं विकास कार्यों को और गति मिल सके। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्राप्त बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता और सुनियोजित ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहेगा कि उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।



जींद। सीआरएसयू के वित्तीय विभाग की बैठक में मौजूद वीसी और अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बैठक के दौरान यह रहे मौजूद

बैठक में प्रो. सुभाष चंद वाणिज्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरपाल सिंह मुख्य लेखा अधिकारी डीजीपी कार्यालय हरियाणा पंचकूला, प्रो. आनंद मलिक डीन लाइफ साइंस संकाय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय तथा प्रो. विशाल वर्मा डीन फिजिकल साइंस संकाय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, फाइनेंस ऑफिसर डा. रवि भूषण चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद उपस्थित रहे।

### पारदर्शिता रहेगी

वहीं कुलसचिव डा. राजेश कुमार बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि बजट का उपयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा आधारभूत ढांचे के विकास के लिए प्रभावी तरीके से किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सहयोग से बजट का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।


जींद। पुलिस टीमों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया प्रशिक्षण

- संवेदनशील परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली रणनीतियों से करवाया अवगत
- पुलिस की ए व बी कंपनी के जवानों को आधुनिक तकनीकों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला जींद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा गठित कंपनी ए व बी के जवानों के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने के लिए कंपनियों में तैनात जवानों को आधुनिक तकनीकों के बारे में रौपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमान्डेंट सुनील कुमार के कुशल नेतृत्व में जवानों को कानून व्यवस्था की संवेदनशील परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली रणनीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को सैम (स्पेशल एंटी रिओट मेजर्स), एसएमजी हथियारों के सुरक्षित व प्रभावी संचालन तथा टियर स्मोग के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि किसी भी आपात या भीड़ नियंत्रण की स्थिति में पुलिस बल प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

### रणनीति बताई

पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रौपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों ने पुलिस जवानों को बताया कि आधुनिक प्रशिक्षण और सही रणनीति के माध्यम से ही कानून व्यवस्था की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। इस दौरान जवानों को भीड़ नियंत्रण, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, संयमित बल प्रयोग तथा सुरक्षा मानकों के बारे में भी जागरूक किया गया। जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और शांति व्यवस्था कायम रखी जा सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने जवानों को यह भी निर्देश दिए कि वे ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा किसी भी स्थिति में आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जिला पुलिस का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# हवलदार कर्म सिंह पंचतत्व में विलीन

- पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजीमेंट (तोपखाना) में गौरवपूर्ण सेवा देने के बाद हरियाणा राज्य परिवहन से सेवानिवृत्त हुए हवलदार कर्म सिंह (80) का कई दिनों की बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की सूचना पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को मिली, एसोसिएशन के सदस्य अपने प्रोटोकॉल के अनुसार उनके पैतृक गांव देवबन पहुंचे। यहां कैप्टन रवि दत्त शर्मा, सूबेदार मेजर खजान सिंह, चीफ पेटी ऑफिसर राजबीर भाना, हवलदार राजपाल बालू व एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर अंतिम सम्मान दिया।


राजौंद। पूर्व सैनिक एसोसिएशन के सदस्य तिरंगा भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

सभी पूर्व सैनिक शव यात्रा में शामिल हुए। श्मशान घाट में पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान हवलदार गजे सिंह सरपंच देवबन, सूबेदार बलबीर सिंह माजरा, कैप्टन चन्द्रभान, दफेदार सतपाल कसान, हवलदार रत्न सिंह, हवलदार बेदपाल, रिसालदार बलबीर सिंह, हवलदार रघुबीर सिंह प्योदा, हवलदार कृष्ण कुमार आदि शामिल हुए।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन

- भारत-अमेरिका ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हलका पूंडरी की बैठक अनाज मंडी में जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण और हलका अध्यक्ष रणधीर बरसाना ने किया। बैठक के बाद विक्रम कसाना एडवोकेट और गुरनाम सिंह फरल के नेतृत्व में किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ ट्रैक्टर मार्च निकाला। यह मार्च अनाज मंडी से शुरू होकर ब्रह्मानंद चौक और बस स्टैंड से होता हुआ तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां किसानों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।


पूंडरी। भारत-अमेरिका ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन करते किसान।

### रद्द करने की मांग

जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने कहा कि भाकियू (चढूनी) लंबे समय से किसानों, मजदूरों और आम जनता के मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील का किसानों पर गंभीर असर पड़ेगा, इसलिए इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। प्रदर्शन में युवा जिला महासचिव बलिंद्र हजवाना, पिरथी कौल, सतपाल पूंडरी, साहब सिंह बडैच, कर्मवीर पूंडरी, शीलू गोलन, सुरेंद्र हजवाना, ओमप्रकाश बरसाना, निर्मल सिंह, रामपाल मुदडी, लहणा मुदडी, रोशन बरसाना, बहादुर गोरसी, गुरमुख फरल, परमजीत, स्वर्ण सिंह सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग के निदेशक के फरमान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

**सीसीएल लेने के लिए डीसी दफ्तर के काटने पड़ेंगे चक्कर**

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, प्रैस सचिव मदन गोपाल ऑडिटर करमचंद केसर कार्यालय सचिव गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह,कृष्ण आर्य, सुरजीत सिंह, विक्रम कौल व जितेंद्र नेहरा ने विभाग के सीसीएल के फरमान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अतिशीघ्र वापिस लेने की मांग की है। इन फरमानों में स्कूलों में कार्यरत शैक्षिक/गैर शैक्षिक महिला कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में काम करने वाली महिला कर्मियों को चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) लेना ओर भी कठिन कर दिया है।


कैथल। विचार विमर्श करते अध्यापक नेता।

# गेहूं के सीजन को लेकर निरीक्षण

- गेहूं के सीजन को लेकर मार्केट कमेटी चेयरमैन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

गेहूं के फसल के सीजन में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर मार्केट कमेटी पुख्ता प्रबंध करने में जुटा है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में दौर कर जायजा लिया। चेयरमैन ने कहा कि फसल के सीजन को लेकर पहले आढ़तियों, किसानों से सुझाव मीटिंग कर मांगे थे ताकि जो सुझाव आए उनको विधायक के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाया जाए। फसल के सीजन में किसी तरह की परेशानी किसानों, आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी।


उचाना। अतिरिक्त मंडी में निरीक्षण करने पहुंचे मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

### अतिरिक्त मंडी में व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

अतिरिक्त मंडी में शैड, फड के अलावा गेहूं उतारने में किसी तरह की परेशानी किसानों को न हो इसको लेकर जो जमीन उबड़-खाबड़ है उसको सही करवाया गया है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के प्रयासों से यहां पर धर्मकांटा लग चुका है तो सब यार्ड छात्तर पर धर्मकांटे लगने का काम जारी है। धर्मकांटा लगने से किसानों को लोडिंग ट्राली का वजन करवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है जिससे किसान के समय की बचत होती है।

# बढ़ते तापमान से किसानों के माथे पर झलकी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

**गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका**

मार्च महीने की शुरुआत में ही तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कृषि विभाग के अनुसार इस समय गेहूं की फसल में दाना बनने का चरण चल रहा है और अधिक तापमान होने से दानों का भराव प्रभावित हो सकता है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तापमान 34 डिग्री से ऊपर रहता है तो फसल को नुकसान हो सकता है। ऐसे में किसानों को खेत में हल्की सिंचाई करने और आवश्यकतानुसार दवाइयों का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। कृषि विश्वविद्यालय की ओर से तापमान के प्रभाव को कम करने के लिए 2 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव करने की सलाह दी गई है।


राजौंद। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल।

## नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया छात्रावास रोड निर्माण का शिलान्यास

# 80 लाख की लागत से चकाचक होगा छात्रावास रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर परिषद ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने मंगलवार को छात्रावास रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। लगभग 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताया गया कि यह सड़क करीब 20 वर्ष पहले बनाई गई थी और समय के साथ इसकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। लंबे समय से खराब सड़क के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। छात्रावास रोड शहर की एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन मानी जाती है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। नई सड़क बनने के बाद यातायात व्यवस्था सुगम होगी और क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि सेक्टरिएट वाली सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है और अगले सप्ताह शहर की शेष मुख्य हुड्डा सड़कों के निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे। इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर की सड़कों की स्थिति में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि नायब सरकार में इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और कैथल शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर रजत थरेजा, राहुल, आशीष, बलदेव, बादल, दीपक, गौतम, नवीन गोयल, मुदित शर्मा, बन्टी गाबा, जोनी धमीजा आदि मौजूद रहे।


कैथल। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया छात्रावास रोड निर्माण का शिलान्यास करते हुए।

### सीएम नायब के नेतृत्व में हो रहा पूर्ण विकास

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कैथल शहर में भी लगातार सड़क, पानी, सीवरेज और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

# ईरान पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिला कैथल के कस्बा ढांड में मंडी गेट एकत्रित हुए सैकड़ों की संख्या में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिला कैथल के कस्बा ढांड में मंडी गेट पर ईरान पर किए गए हमले के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इसराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू का पुतला फूंका गया। इस दौरान विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अमेरिका और इसराइल की कार्रवाई की निंदा की। प्रदर्शन में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से कामरेड बाबूराम और राजकुमार सारसा, किसान सभा से मास्टर महेंद्र सिंह, जयपाल पंवार तथा अजय मुखी सहित कई किसान नेता शामिल हुए।



ढांड। डोनाल्ड ट्रप का पुतला फूंकते किसान संगठन। फोटो : हरिभूमि

### धोखे से हमला करने का आरोप

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने इरान से बातचीत का आश्वासन देकर धोखे से हमला किया, जिसकी वे कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हमले में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति खामनेई सहित कई लोग मारे गए और आम नागरिकों को भी भारी नुकसान हुआ।